पाठ 16. मिलावट

पाठ की भूमिका

इस पाठ का उद्देश्य बच्चों में निर्णय-क्षमता संबंधी कौशल विकसित करना है ताकि वे महत्वपूर्ण मुद्दों को समझकर उनसे रचनात्मक रूप से निपटने में सक्षम हो सकें। यह कहानी सआदत हसन मंटो द्वारा लिखी गई है। मुनाफ़ाखोरों और मिलावट के धंधे में लिप्त लोगों के बारे में इस पाठ में बताया गया है। साथ ही यह संदेश दिया गया है कि समाज से इन बुराइयों को नष्ट करना चाहिए।

पाठ का सार

अमृतसर में अली मुहम्मद की छोटी-सी दुकान खूब चलती थी। पैसा कमाने के चक्कर में उसकी ज़िंदगी मशीन बन चुकी थी अतः वह अपना घर बसाना चाहता था। एक दिन अखबार में विज्ञापन देखने के बाद वह एक बुज़ुर्ग के पास पहुँचा। कुछ तस्वीरें देखने के बाद अली मुहम्मद ने एक तस्वीर पसंद कर ली। उसने बुज़ुर्ग को उसकी फ़ीस दे दी। शादी के बाद पता चला कि लड़की बदसूरत है, बुज़ुर्ग ने उसको धोखा दे दिया है। अब वह अपनी दुकान बेचकर लाहौर चल पड़ा। रास्ते में किसी ज़ेबकतरे ने उसकी जेब काट ली। लाहौर पहुँचकर उसने एक छोटी-सी नौकरी करके कुछ रुपये जुटाए तथा एक चक्की खोल ली। अब तक के अनुभव से उसे ज्ञात हुआ कि दुनिया में धोखा-ही-धोखा है। उसने भी हल्दी तथा मिर्च में मिलावट का काम शुरू कर दिया परंतु जल्द ही पकड़ा गया। अपनी ज़िंदगी से तंग आकर उसने खुदकुशी करने के इरादे से ज़हर खरीदकर खाया मगर ज़हर में भी मिलावट थी। मिलावट की इस दुनिया ने एक सीधे-सादे इनसान को कहाँ-से-कहाँ पहुँचा दिया।

अध्यापन संकेत

- **मूल पाठ के लिए संकेत**

  कहानी के लेखक का संक्षिप्त परिचय दें। इसके बाद मिलावट के कुछ उदाहरण दैनिक जीवन से दें। बच्चों से भी उनके संस्मरण सुने जा सकते हैं। कहानी को अंशों में बाँटकर मुखर वाचन करवाया जा सकता है। मिलावट के गोरखधंधे से निबटने के उपायों पर चर्चा की जा सकती है।

- **अभ्यास प्रश्नों के लिए संकेत**
  - **मौखिक प्रश्नों, पहेलियों, पठित परिच्छेद** व **पाठ आधारित प्रश्नों** के अध्यापन संकेत हेतु **पृष्ठ संख्या 40** देखें।
  - **भाषा आधारित प्रश्नों** का उद्देश्य हिंदी भाषा के व्याकरण-पक्ष को सुदृढ़ करना है।
  - सरल और संयुक्त वाक्य में अंतर समझाने के लिए पहले सरल वाक्य को ही स्पष्ट करें। उसकी समझ और पहचान की क्षमता जब बच्चों में विकसित हो जाए तो उन्हीं वाक्यों को संयुक्त वाक्य में परिवर्तित करवाएँ। ऐसा क्यों और किस आधार पर हुआ, इसे स्पष्ट किया जाना ज़रूरी है। इसी प्रकार, संयुक्त वाक्य को सरल वाक्य में परिवर्तित करने के नियमों को समझाएँ।

- **क्रियाकलाप के लिए संकेत**
  - कहानी की रचना एक से अधिक बच्चे मिलकर कर सकते हैं। बाकी बच्चे कहानी की मूल विषय-वस्तु पर अपनी मौखिक या लिखित प्रतिक्रिया दे सकते हैं जो उनके

भीतर एक कथाकार की संभावना का विकास करेगी।

- पत्र लेखन कक्षा में ही कराया जाए। किसी अनुभव का उदाहरण भी उसमें आए तो पत्र प्रासंगिक लगेगा।